PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Hadh Kar Di Aapne
Year: 1982

Song: Bekaraar Main Bekaraar Dil
Lyricist: Anand Bakshi

ओए ओए ...

बेक़रार मैं बेक़रार दिल
बस किसी से जल्दी से प्यार हो जाए
अबके साल मेरा ये हाल
बस ख़त्म ये मेरा इंतज़ार हो जाए
किस शहर में रहती है वो
उसे ढूँढू यहाँ वहाँ सारा जहाँ
कहाँ कहाँ कहाँ कहाँ कहाँ

बेक़रार मैं बेक़रार दिल
बस किसी से जल्दी से प्यार हो जाए
अबके साल मेरा ये हाल
बस ख़त्म ये मेरा इंतज़ार हो जाए

रस्तों में देखूँ कोई आए
मेरा दिल लेके जाए
दौड़ी दौड़ी आए और आके
मेरे गले लग जाए
ना जाने कब होगा ये मिलन
मैं कब बनूँगा किसीका सजन
ना जाने कब होगा ये मिलन
मैं कब बनूँगा किसीका सजन
एक तीर बस एक तीर चल जाए
हाए इस दिल के पार हो जाए

बेक़रार मैं बेक़रार
दिल बस किसी से
जल्दी से प्यार हो जाए

कुड़ियों के पीछे हाय भाग भाग के
तंग आ गया हूँ रातें जाग जाग के
कुड़ियों के पीछे हाय भाग भाग के
तंग आ गया हूँ रातें जाग जाग के
कोई मिले तो मैं झूम लूँ
बीच सड़क पे चूम लूँ
कोई मिले तो मैं झूम लूँ
बीच सड़क पे चूम लूँ
मेरे दिल की डोली है खाली
कोई लड़की आके इसपे सवार हो जाए
खेल हो शुरू प्यार का अजी
आज बस अभी जीत हार हो जाए

किस शहर में रहती है वो
उसे ढूँढू यहाँ वहाँ सारा जहाँ
कहाँ कहाँ कहाँ कहाँ कहाँ

हाय बेक़रार मैं बेक़रार दिल
बस किसी से जल्दी से प्यार हो जाए
अबके साल मेरा ये हाल
बस ख़त्म ये मेरा इंतज़ार हो जाए

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.